राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

**राज्यपाल ने राष्ट्रपति निकेतन के सौंदर्यीकरण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण।**

**20 जून को राष्ट्रपति रखेंगी सार्वजनिक पार्क की आधारशिला, आम जनता के लिए 24 जून से खुलेगा राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन।**

**राजभवन देहरादून 17 जून, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजपुर रोड़ स्थित राष्ट्रपति निकेतन में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। यह निरीक्षण आगामी 19 से 21 जून को माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत किया गया।

गौरतलब है कि 132 एकड़ भूमि में विकसित किए जा रहे इस अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला माननीय राष्ट्रपति जी द्वारा रखी जाएगी। यह पार्क एक वर्ष की अवधि में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

राष्ट्रपति निकेतन को 24 जून से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। 21 एकड़ में फैले राष्ट्रपति निकेतन पहले जिसे राष्ट्रपति आशियाना के नाम से जाना जाता था। इस विरासत भवन में कलाकृतियों के संग्रह के साथ ही आगंतुकों को लिलि तालाब, रॉकरी तालाब, रोज गार्डन आदि देखने को मिलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति तपोवन को भी आम लोगों के लिए समर्पित किया जाएगा। 19 एकड़ में फैले तपोवन में देशी वृक्षों की कैनोपी, घुमावदार पगडंडियां, लकड़ी के पुल और चिंतन व ध्यान के लिए शांत स्थान मौजूद हैं।

राज्यपाल ने निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियाँ समयबद्ध रूप से पूरी की जाएँ, ताकि माननीय राष्ट्रपति के आगमन पर समस्त व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से प्रस्तुत की जा सकें। राज्यपाल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि माननीय राष्ट्रपति उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात देने वाली हैं। यह पहल उनके उत्तराखण्ड की जनता के प्रति विशेष स्नेह और जुड़ाव का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, डीजीपी श्री दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिदेशक श्री वी. मुरुगेशन, ए.पी. अंशुमान, सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन, निदेशक राष्ट्रपति सचिवालय श्रीमती स्वाति शाही, जिलाधिकारी श्री सविन बंसल, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

.........0..........